सूचना भवन में हो रहा है आयोजन, यहा आयोजित प्रतियोगिताओं में देशभर से 15 हजार से अधिक विद्यार्थी ले रहे हैं हिस्सा

# आईआईएम के उत्सव 'एगॉन 4.0' का आगाज

वार्षिक समारोह

रांची | प्रमुख संवाददाता

आईआईएम रांची का दो दिवसीय वार्षिक प्रबंधन उत्सव 'एगॉन 4.0' की शुरुआत शनिवार को हुई। सूचना भवन में आयोजित इस उत्सव के तहत आयोजित प्रतियोगिताओं में देशभर से प्रबंधन के 15000 से अधिक विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं।

पहले दिन लगभग 700 लोग इस प्रबंधन उत्सव में जुटे। इनमें आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बेंगलुरु, आईआईटी खड़गपुर, आईएसबी, एफएमएस, एक्सएल - आरआई, आईआईएम कलकत्ता, आईआईटी मद्रास, एक्सआईएमबी, एनएमआईएमएस, आईआईएम इंदौर, आईआईएम लखनऊ जैसे भारत के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों के छात्र शामिल हैं।

आईआईएम रांची के प्रो केएन सिंह, उत्सव का विधिवत उद्घाटन किया।



आईआईएम रांची में शनिवार से शुरू हुए वार्षिक उत्सव एगॉन 4.0 के उद्घाटन समारोह के दौरान संस्थान के छात्र-छात्राएं। • हिन्दुस्तान

उन्होंने कहा कि यह उत्सव छात्रों के लिए व्यावहारिक अनुभवों से सीखने का एक बड़ा अवसर है।

उन्होंने आयोजन में अनुशासन, टीमवर्क और प्रतिबद्धता के महत्व पर बल दिया। कहा कि छात्र भविष्य में कॉर्पोरेट दुनिया में प्रवेश करते समय इन अनुभवों से लाभ उठाएंगे।

पहले दिन आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में क्रिकेट मंडी में आईपीएल आधारित क्रिकेट नीलामी को प्रस्तुत किया गया।

एचआर क्लब ने भर्ती प्रक्रिया के साथ माहौल बनाया। मार्केटिंग क्लब ने स्पॉट विज्ञापन-निर्माण प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को उनकी ब्रांडिंग क्षमताओं पर मूल्यांकन करना बताया। साहित्यिक क्लब ने बहस, प्रश्नोत्तरी और लेखन कार्यक्रम आयोजित किए। ऑनलाइन क्विज काफी पसंद किया गया। इसके आलवा परिवृद्धि, सब बिकता है और सिनेमा पैराडाइसो जैसी गतिविधियों ने प्रतिभागियों को मनोरंजन किया। सभी विजेताओं और उपविजेता ने आकर्षक नकद पुरस्कार दिए गए।

निर्णायक मंडली में गोल्डमैन सैश, टाटा समूह, झारखंड इनोवेशन लैब और ईएंडवाई जैसे अग्रणी संगठनों के सदस्य मौजूद थे। उत्सव का समापन रविवार को होगा। अंतिम दिन कई रोचक गतिविधियों में प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

## समारोह

- देशभर से प्रबंधन के 15 हजार से अधिक विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं
- उद्घाटन समारोह में 700 से अधिक लोग जुटे थे

## विशेषज्ञों ने दिये संदेश

उद्घाटन समारोह में विशेषज्ञों ने संस्थान के विद्यार्थियों को अनुशासन, टीम वर्क, प्रतिबद्धता के महत्व पर जरूरी टिप्स दिये।


आईएमएम रांची में शनिवार को एगॉन 4.0 का उद्घाटन करते अतिथि। • हिन्दुस्तान

Hindustan, 30.09.2018, Pg. 22